तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20-2-20	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 39/2019 अनवान भूराराम बनाम सरकार अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 वकील प्रार्थी उपस्थित। वकिल प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम के तहत पेश कर निवेदन किया कि खसरा नं. 404 रकबा 70.17 बीघा, खसरा नं. 405 रकबा 35.12 बीघा, खसरा नं. 406 रकबा 19.05 बीघा, खसरा नं. 407 रकबा 19.12 बीघा एवं खसरा नं. 415/4 रकबा 116 बीघा ग्राम माधोपुरा पटवार हल्का सतलाना प्रार्थी की सहखातेदारी कृषि भूमि हैं उक्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी के पिता भाणाराम के देहान्त के बाद प्रार्थी का नाम केवलराम दर्ज कर दिया था जो प्रार्थी का लाड प्यार से पुकारा जाने वाला नाम हैं जबकि प्रार्थी का वास्तविक नाम भूराराम है तथा तमान दस्तावेज भी भूराराम पुत्र भाणाराम के नाम से बने हुए हैं। केवलराम अशुद्ध हैं जो शुद्ध किया जाकर भूराराम किया जावें। जिसके साथ प्रार्थी ने आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, एवं बैंक पासबुक की प्रति पेश की साथ ही स्वयं का तथा सगे भाई जालाराम एवं माता सुखीदेवी का शपथ पत्र पेश किया जो प्रार्थी के कथनो की ताईद करते हैं। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि राजस्व रेकर्ड में भाणाराम के वारीसान् से घेवरराम, बालाराम, जालाराम, केवलराम पिता भाणाराम एवं सुखी पत्नी भाणाराम सहखातेदार के रूप में दर्ज हैं तथा प्रार्थी अपनें आप को भाणाराम का वारिस ही बताता हैं जो रेकर्ड में भूराराम के स्थान पर केवलराम दर्ज हैं। स्वयं भाणाराम की पत्नी एवं पुत्र जालाराम ने शपथ पत्र पेश कर भूराराम एवं केवलराम एक ही व्यक्ति का होना तथा वास्तविक नाम भूराराम होने के कथन किए है जिससे भी स्पष्ट हैं कि केवलराम एवं भूराराम एक ही व्यक्ति हैं तथा राजस्व रेकर्ड को शुद्ध किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता हैं। इन तमाम परिस्थितियों में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता हैं एवं प्रार्थना पत्र में वर्णित भूमि खसरान् 404, 405, 406, 407, 415/4 ग्राम माधोपुरा में केवलराम के स्थान पर केवलराम उर्फ भूराराम किया जाकर राजस्व रेकर्ड को शुद्ध किया जावे। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।	

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी (जोधपुर) राज.

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Gopal Parihar
Date: 2020.02.24 15:38:21 IST
Reason: SelfAttested